**Shree Ram Sharnam,**
**International Spiritual Centre**
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

दर्शन दीजो आय प्यारे
दर्शन दीजो आय प्यारे,
तुम बिन रह्यो न जाय ॥

जल बिन कमल, चन्द्र बिन रजनी,
ऐसे तुम देख्याँ बिन सजनी,
आकुल व्याकुल रहूँ रैन दिन,
बिरहा कलेजो खाय,
बिरहा कलेजो खाय प्यारे ॥
तुम बिन रह्यो न जाय . . .

दिवस न भूख नींद नहीं रैना,
मुखसो कहत न आवत बैना,
कहा करूँ कछु बस नहीं मेरे,
मिल कर तप्त बुझा,
मिल कर तप्त बुझा मेरे प्यारे ॥
तुम बिन रह्यो न जाय . . .

क्यों तरसावो अंतर्यामी,
आनमिलो कृपा कर स्वामी,
मीरा दासी जनम जनम की,
पड़ी तिहारे पाँव,
पड़ी तिहारे पाँव प्यारे ॥
तुम बिन रह्यो न जाय . . .